## सार-समाचार

### रामोत्सव धर्मयात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत

**नोहर, ( निसं )।** गुरुवार को रामोत्सव धर्मयात्रा का आयोजन हुआ। बिहाणी स्टेडियम से शुरू हुई रामोत्सव धर्मयात्रा शहर के बिहाणी चौक, टेगौर चौक, गणेश चौक, गांधी चौक, सिंधी वाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सादीराम पचीसिया प्राचीन शिव मंदिर पाठशाला पहुंची, जहां विधिवत मंत्रोच्चार के साथ विसर्जन हुआ। रामोत्सव धर्मयात्रा के दौरान महिलाओं व युवतियों में खासा उत्साह दिखा। महिलाओं ने डीजे की धुनों पर थिरकते हुए जयश्रीराम के नारों के साथ पूरे मार्ग पर उत्साह के साथ भाग लिया। नासिक के प्रसिद्ध बैंड के साथ युवाओं ने हिन्दू शस्त्रों के साथ नृत्य किया। यात्रा में हर आयु वर्ग के साथ पूरे सनातन समाज के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। वच्चे से लेकर वृद्ध तक सब में श्रीराम नाम की महिमा का वाचन किया। रामोत्सव धर्मयात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ शीतल जल व जलजीरा आदि पिलाकर स्वागत किया गया। रामोत्सव धर्मयात्रा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए कई थानों सहित रिजर्व पुलिस बल तैनात किया गया था। महिला सुरक्षा के लिए जिला कालिका युनिट ने भी यात्रा में पैदल मार्च किया। धर्मयात्रा में हजारों की संख्या में सनातनी शामिल हुए।

### ओटीसी होटल का उद्घाटन

**चूरू ।** हनुमान जयंती पर भालेरी रोड स्थित ओटीसी होटल का उद्घाटन उदासर के महंत दयानाथ महाराज ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी व पूर्व सरपंच मोहनलाल आर्य ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठान्न का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता की वस्तुएं व सुगम सेवा उपलब्ध कराना है। इससे पूर्व संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य ने सभी का आभार जताते हुए कहा की ओटीसी रेस्टोरेंट का ध्येय उच्च गुणवत्ता व समय पर सर्विस देना है। इस अवसर पर दयानाथ महाराज ने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान की सफलता वहां आने वाले ठााहकों की संतुष्टि से आंका जाता है। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम सारस्वत, फतेह चंद सोती, प्रधान दीपचंद राहड़, संजय कस्वां, सीताराम लुगरिया, नारायण बालान, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, राजकुमार सिहाग, नौरंग, शीलू, जितेंद्र शर्मा, डॉ. मोहन पुकार, डॉ. अहसान गोरी, डॉ. आनंद प्रकाश, मोटाराम, सुरेंद्र, सुनील मेघवाल, हरिराम चोपड़ा, विनोद सैनी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

### रास्ते में मिला पर्स लौटाया

**नोहर ।** गुरुवार दोपहर को घर लौटते समय रमेश कुमार सोनी को रास्ते में एक पर्स पड़ा मिला। उन्होंने पर्स को सुरक्षित उठाकर घर ले आए और तत्परता दिखाते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी सूचना साझा की, ताकि पर्स के वास्तविक मालिक तक खबर पहुंच सके। पर्स में लगभग 3500 रुपए नगद एवं जरूरी कागजात भी मौजूद थे। शाम करीब साढे पांच बजे मोहनलाल जोशी का फोन रमेश कुमार सोनी के पास आया। जोशी ने पर्स की सही पहचान (निशानी) बताई, जिसके बाद रमेश कुमार सोनी ने उनका पर्स उन्हें लौटा दिया। अपना खोया हुआ पर्स वापस मिलने पर मोहनलाल जोशी ने राहत जताते हुए रमेश कुमार सोनी का दिल से आभार व्यक्त किया। इस घटना ने समाज में ईमानदारी और जिम्मेदारी की एक सकारात्मक मिसाल पेश की है।

### रोबोटिक्स का शुभारंभ

**झुंझुनूं ।** जहां एक ओर भक्ति और श्रद्धा की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं दूसरी ओर भविष्य की तकनीक की ओर बढ़ते कदमों ने शिक्षा के नए आयाम स्थापित किए। शहर के शाह मार्केट स्थित जी.बी. मोदी पब्लिक स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एक अनूठा और प्रेरणादायक आयोजन देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हनुमान चालीसा, हनुमान स्तुति और भजनों से हुई, जिसने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। विद्यार्थियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और श्रद्धा का वातावरण निर्मित किया। इस खास अवसर को और भी ऐतिहासिक बनाते हुए विद्यालय में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और रोबोटिक्स कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्राचार्या रंजना मित्तल ने बताया कि यह विद्यालय क्षेत्र का पहला ऐसा संस्थान बन गया है, जहां आधुनिक तकनीक की इन अत्याधुनिक कक्षाओं की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय पूरी तरह से एआई और रोबोटिक्स का है, और विद्यार्थियों को आज से ही इन क्षेत्रों में दक्ष बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह पहल न केवल विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान को बढ़ाएगी, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगी। इस अवसर पर विनोद गाड़ियां (प्रेसिडेंट आरएसएम ), दीनबंधु जालान, दिनेश मोदी, सुशील गाड़िया, विनोद सिंघानिया, श्रवण केजरीवाल , संस्था सचिव दिनेश अठावाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों और अभिभावकों की उपस्थिति में इस नवाचार का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्सव तक सीमित रहा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक बन गया। परंपरा और तकनीक के इस अद्भुत संगम ने यह संदेश दिया कि झुंझुनूं अब शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

### प्रवेशोत्सव में प्रेरणा रैली के साथ नामांकन बढ़ाने का संदेश

**नोहर, ( निसं )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भगवान में परीक्षा परिणाम 2025-26 की शानदार उपलब्धियों के उपलक्ष्य में प्रवेशोत्सव में प्रेरणा विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन राजकीय विद्यालय में करवाने की अपील की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था प्रधान डॉ. सुनील नोखवाल ने किया। रैली में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ठाामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा के महत्त्व को जन-जन तक पहुंचाया। शानदार परीक्षा परिणाम बना प्रेरणा का आधार विद्यालय का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं कला वर्ग में एकता मेघवाल (96.80 ), आशा (95.20 ), गायत्री चालिया (91.60 ) एवं दिव्या चौहान (91.20 ) पूजा पंवार(87.80 )सुमन (86.60 ) राखी (86.20 ) निशा ( 85.20 ) पूजा ( 85.00 ) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में फलक (92.83 ), सुशीला (85.33 ) एवं कोमल (81.83 ) ने उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय की उपलब्धियों में योगदान दिया। नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर रैली के दौरान विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की कि वे निजी विद्यालयों के बजाय राजकीय विद्यालय में अपने बच्चों का प्रवेश दिलाएं, जहां निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, स्मार्ट क्लासरूम, लैब, अनुभवी स्टाफ, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, साइकिल, सुरक्षित परिसर एवं खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। प्रवेश प्रारंभ कक्षा 1 से 12 तक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। संदेश: हम नहीं, हमारा परिणाम बोलता है - इसी विश्वास के साथ विद्यालय परिवार ने अधिक से अधिक नामांकन का आ ान किया।

### अखंड रामायण पाठ व प्रसादी वितरण का आयोजन

**पाटन ।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर चिरगा घाटी बालाजी मंदिर, पाटन में श्रद्धा और उत्साह के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अखंड रामायण पाठ, बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा तथा प्रसादी वितरण किया गया।शोभायात्रा पाटन बस स्टैंड से विधिवत रूप से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए बालाजी मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में भक्ति भाव से जयकारे लगाए और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। वातावरण भक्तिमय हो उठा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास देखने को मिला।इस आयोजन में सरपंच मनोज चौधरी, पूर्व प्रधान कांता प्रसाद शर्मा, केदार मल सैनी, दिलीप तौला, मानसिंह टेलर, अशोक तौला, दिनेश शर्मा, मनीष पाण्डला, पवन अठावाल, संदीप चौधरी, नीरज गर्ग, लक्ष्मीकांत टेलर, अमित दास, हेमन्त बारी, विकास टेलर सहित चिरगा घाटी बालाजी के समस्त श्रद्धालु उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम की तैयारियां काफी दिनों से की जा रही थी। मंदिर में भव्य सजावट भी की । कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भक्त आसपास सहित दूर दराज से आए । कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक एकता और आस्था का संदेश प्रसारित किया।

# राजस्थान पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम

> ■ विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र गौरव सैन ने 95.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल वाणिज्य वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया, बल्कि पूरे विद्यालय में टॉपर बनकर गौरव बढाया।

**झुंझुनूं , ।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित 12वीं वाणिज्य संकाय परीक्षा परिणाम में स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय ने उत्कृष्ट सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र गौरव सैन ने 95.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल वाणिज्य वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया, बल्कि पूरे विद्यालय में टॉपर बनकर गौरव बढ़ाया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने गौरव सैन सहित 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस बार का परिणाम विद्यालय के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड स्थापित करने वाला है। उन्होंने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का आधार बताया। साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व देश का नाम रोशन करने का आ ान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, समर्पण और सतत प्रयास का परिणाम है। गौरव सैन, जिन्होंने इस सफलता से सबका दिल जीत लिया, ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, विद्यालय प्रबंधन और माता-पिता को देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और आशीर्वाद का फल है। उन्होंने अपने लक्ष्य के बारे में बताते हुए कहा कि वे भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट ( सी.ए. ) बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुदृढ़ शैक्षिणक वातावरण का प्रमाण है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मेधावी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

इसके अलावा झुंझुनूं की प्रतिभाशाली छात्रा नैनसी चौधरी ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे राजस्थान में इतिहास रच दिया है। प्रिंस इंटरनेशनल ठाुप ऑफ स्कूल्स के अंतर्गत संचालित डिफेंस पब्लिक स्कूल की इस मेधावी छात्रा ने कक्षा 12वीं कला संकाय में 99.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। नैनसी की इस अभूतपूर्व सफलता ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया। यह उपलब्धि झुंझुनूं के शैक्षिणक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गई है। जिला कलेक्टर ने किया सम्मान, पूरे शहर में जश्न का माहौल - इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मील ने नैनसी चौधरी को विशेष रूप से सम्मानित किया। विद्यालय परिसर में इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। डीजे की मधुर धुनों पर भव्य विजय रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

हर चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। कला संकाय में शानदार प्रदर्शन की झडी - नैनसी चौधरी के साथ-साथ कला संकाय के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। खुशबू, तमन्ना, साक्षी, निकिता, भूमिका, तबु खान, मुस्कान, कोमल, माया, सारिका, खुशी, आदित्य, अनाया, नगमा एवं अंशिका ने 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए।इ सके अतिरिक्त 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट परिणाम दिया। विज्ञान और वाणिज्य संकाय में भी शानदार सफलता - विज्ञान संकाय में शिवानी राठौड़ ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। सुकन्या शर्मा एवं विजय लक्ष्मी ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 18 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए। वहीं वाणिज्य संकाय में आतिफ ने 96.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनन्या ने 95.60 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। इस संकाय में भी 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हर दूसरा विद्यार्थी 90 से ऊपर- गुणवत्ता का प्रमाण - इस वर्ष विद्यालय का प्रदर्शन इतना उत्कृष्ट रहा कि हर दूसरा विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने में सफल रहा। यह उपलब्धि संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और समर्पित शिक्षण प्रणाली का स्पष्ट प्रमाण है।

### सजीव झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

**चूरू ।** निकटवर्ती ठााम श्योपुरा बालाजी धाम में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर की भव्य सजावट की गई। पुजारी हरिचरण शर्मा ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जागरण में चूरू के गायकार डॉ. सुशील हारित ने महाराज गजानंद आओ, म्हारी सभा में रंग बरसाओ, वीर बजरंगी मुझे तेरा ही सहारा है, चंचल नाथ टीला झुंझुंनू के महंत ओम नाथ महाराज व विचारनाथ महाराज ने श्री बालाजी ने लाड लडावै माता अंजना सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। पुजारी हरिचरण ने पांवों में घुंघरू बांध के नाचै व अंजनी के लाला सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां दी। गायकार सांवरमल कत्थक, मोलीसर के कृष्ण कुमार ने भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। जागरण में राधे आर्ट ठाुप आदमपुर हरियाणा के कलाकारों ने राम दरबार, बाहुबली हनुमान, मयूर नृत्य की सजीव झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम में रामपुरा बेरी, कीरताण, हरियाणा, आस-पास के श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना से भादरा में विकास को मिली गति

> ■ शारीरिक एवं मानसिक विकास को बल मिला है। इसके साथ ही विज्ञान संकाय वाले विद्यालयों में नवीनतम उपकरण एवं सामठाी उपलब्ध कराई गई है। इससे विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी वैज्ञानिक समझ और विषय के प्रति रुचि में वृद्धि हो रही है। आधुनिक प्रयोगशालाओं के माध्यम से विद्यार्थी

**हनुमानगढ़, (निसं)।** गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के अंतर्गत चयनित जिले के एकमात्र ब्लॉक भादरा में शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं के विकास को नई गति मिली है। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव द्वारा स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। योजना के तहत ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इंडोर एवं आउटडोर खेल सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इंडोर गतिविधियों के लिए शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस एवं डार्ट्स जैसे उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, वहीं आउटडोर गतिविधियों के लिए मल्टीपर्पज कोर्ट (बास्केटबॉल, टेनिस, स्केटिंग आदि) विकसित किए गए हैं। इन सुविधाओं से विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बल मिला है। इसके साथ ही विज्ञान संकाय वाले विद्यालयों में नवीनतम उपकरण एवं सामठाी उपलब्ध कराई गई है। इससे विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी वैज्ञानिक समझ और विषय के प्रति रुचि में वृद्धि हो रही है। आधुनिक प्रयोगशालाओं के माध्यम से विद्यार्थी अब सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप से समझ पा रहे हैं। योजना के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। ब्लॉक स्तर पर विशेष शिक्षा विद्यालय में सन्दर्भ कक्ष का विकास किया गया है, जिससे इन विद्यार्थियों को अनुकूल वातावरण में शिक्षा एवं प्रशिक्षण मिल सके। योजना के तहत कुल 40.22 लाख रुपए की लागत से खेल सुविधाओं का विकास किया गया है। योजना के तहत ब्लॉक के 99 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इंडोर सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए प्रति स्कूल लगभग 15,000 रुपए की लागत से कुल 14.83 लाख रुपए का व्यय किया गया। इसी प्रकार आउटडोर गतिविधियों के लिए मल्टीपर्पज कोर्ट (बास्केटबॉल, टेनिस, स्केटिंग आदि) हेतु 5 स्कूलों में 20.02 लाख रुपए खर्च किए गए।

विज्ञान शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए विज्ञान संकाय वाले 23 विद्यालयों में नवीनतम उपकरण एवं सामग्री के लिए 3.44 लाख रुपए का व्यय किया गया। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए भी योजना के तहत विशेष शिक्षा विद्यालय में सन्दर्भ कक्ष के विकास हेतु 1.90 लाख रुपए का व्यय किया गया।

## निकली श्री संकटमोचन वीर हनुमान की विराट शोभायात्रा

**रतनगढ़ ( निसं )।** श्री हनुमान प्राकट्यय दिवस के पावन अवसर पर सिद्धपीठ श्री तालवाले बालाजी (श्री संकटमोचन वीर हनुमान) मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य शोभायात्रा एवं झांकी महोत्सव ने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। एक शताब्दी से भी अधिक समय से चली आ रही इस परंपरा का इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ निर्वहन किया।

प्रात:काल से ही मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने बाबा के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कीं। शोभायात्रा में 1100 से अधिक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने ध्वज धारण कर भाग लिया, जिससे वातावरण जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। मंदिर में पंद्रह दिवसीय अखंड रामचरितमानस पाठ के साथ श्री हनुमान जी का रुद्राभिषेक आचार्य पंडित नवीन हारीत, विजय एवं अजय इंदौरिया के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ। वहीं गत रात्रि को सुप्रसिद्ध गायक मनोज मारू के सानिध्य में सैकडों श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया।विशेष आकर्षण यह रहा कि समिति द्वारा निर्धारित 2,50,000 हनुमान चालीसा पाठ का लक्ष्य भक्तों ने पार करते हुए दोपहर तक 3,55,000 पाठ पूरे कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। शोभायात्रा का नगर के प्रमुख मार्गों-स्टेशन रोड, अशोक स्तंभ, घंटाघर, मोरी बाजार, पूर्वी बाजार, मेहंदीपुर घाटा बालाजी एवं उत्तरादा बाजार में विभिन्न संगठनों व नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं श्रद्धालुओं को शरबत पिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान आकर्षक एवं सजीव झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

### रामोत्सव धर्मयात्रा का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**नोहर, ( निसं )।** गुरुवार को रामोत्सव धर्मयात्रा का आयोजन हुआ। बिहाणी स्टेडियम से शुरू हुई रामोत्सव धर्मयात्रा शहर के बिहाणी चौक, टेगौर चौक, गणेश चौक, गांधी चौक, सिंधी वाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सादीराम पचीसिया प्राचीन शिव मंदिर पाठशाला पहुंची, जहां विधिवत मंत्रोच्चार के साथ विसर्जन हुआ। रामोत्सव धर्मयात्रा के दौरान महिलाओं व युवतियों में खासा उत्साह दिखा। महिलाओं ने डीजे की धुनों पर थिरकते हुए।

# झुंझुनूं में खेल विश्वविद्यालय की मांग तेज हुई

> ■ सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में उठाया बडा मुद्दा - बोले, प्रतिभाओं की धरती को चाहिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं

**झुंझुनूं , ।** शेखावाटी की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए झुंझुनूं से सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने गुरूवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान जोरदार तरीके से झुंझुनूं में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग उठाई। उन्होंने केंद्र सरकार से आठाह किया कि इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का खेल संस्थान या विश्वविद्यालय स्थापित कर युवाओं को नई दिशा दी जाए। सांसद ओला ने संसद में अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा कि झुंझुनूं सहित पूरा शेखावाटी क्षेत्र देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यहां के युवाओं की सेना में उल्लेखनीय भागीदारी, शिक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धियां और खेलों में शानदार प्रदर्शन इस क्षेत्र की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस धरती ने देश को अनेक वीर सैनिकों के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने भारत का नाम रोशन किया है।

लेकिन इस गौरवशाली परंपरा के बावजूद, सांसद ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि क्षेत्र में आधुनिक खेल सुविधाओं और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों की भारी कमी है। यही कारण है कि यहां के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करना पड़ता है और आर्थिक और पारिवारिक बाधाओं के चलते कई प्रतिभाएं अपने सपनों को साकार नहीं कर पातीं। सांसद ओला ने स्पष्ट रूप से मांग रखी कि झुंझुनूं में राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला की तर्ज पर एक अत्याधुनिक खेल विश्वविद्यालय या संस्थान स्थापित किया जाए, ताकि स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और संसाधन मिल सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाती है, तो न केवल झुंझुनूं बल्कि पूरे शेखावाटी क्षेत्र से देश को और अधिक उत्कृष्ट खिलाड़ी मिलेंगे, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराएंगे। यह मुद्दा केवल एक मांग नहीं, बल्कि शेखावाटी के हजारों युवाओं के सपनों और संभावनाओं की आवाज है, जो अब संसद के माध्यम से देश के सर्वोच्च मंच तक पहुंच चुकी है।

### 6 अप्रैल को स्थापना दिवस बनेगा ऐतिहासिक

**झुंझुनूं , ।** आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस को ऐतिहासिक और भव्य रूप देने के लिए जिलेभर में व्यापक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय झुंझुनूं में जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कुलहरि ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि स्थापना दिवस के अवसर पर हर मंडल और बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को भी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाने के लिए कहा गया। अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापना के बाद कभी केवल दो विधायकों वाली पार्टी रही भाजपा आज करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्रवाद और जनसेवा है, जो हर कार्यकर्ता के आचरण में झलकना चाहिए। बैठक में पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़ ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## सार-समाचार

### प्रवेशोत्सव में प्रेरणा रैली के साथ नामांकन बढ़ाने का संदेश

**नोहर, ( निसं )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भगवान में परीक्षा परिणाम 2025-26 की शानदार उपलब्धियों के उपलक्ष्य में प्रवेशोत्सव में प्रेरणा विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन राजकीय विद्यालय में करवाने की अपील की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था प्रधान डॉ. सुनील नोखवाल ने किया। रैली में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ठाामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा के महत्त्व को जन-जन तक पहुंचाया। शानदार परीक्षा परिणाम बना प्रेरणा का आधार विद्यालय का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं कला वर्ग में एकता मेघवाल (96.80 ), आशा (95.20 ), गायत्री चालिया (91.60 ) एवं दिव्या चौहान (91.20 ) पूजा पंवार(87.80 )सुमन (86.60 ) राखी (86.20 ) निशा ( 85.20 ) पूजा ( 85.00 ) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में फलक (92.83 ), सुशीला (85.33 ) एवं कोमल (81.83 ) ने उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय की उपलब्धियों में योगदान दिया। रैली के दौरान विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की कि वे निजी विद्यालयों के बजाय राजकीय विद्यालय में अपने बच्चों का प्रवेश दिलाएं, जहां निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, स्मार्ट क्लासरूम, लैब, अनुभवी स्टाफ, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, साइकिल, सुरक्षित परिसर एवं खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। प्रवेश प्रारंभ कक्षा 1 से 12 तक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। संदेश: हम नहीं, हमारा परिणाम बोलता है - इसी विश्वास के साथ विद्यालय परिवार ने अधिक से अधिक नामांकन का आव्हान किया।

### हवन, जागरण और विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**झुंझुनूं ।** किरोडी धाम मार्ग स्थित समदर्शी योग आश्रम में उस समय आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला, जब बालाजी मंदिर परिसर में हवन, जागरण, पूजा-अर्चना और विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस दिव्य आयोजन में दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडी, वहीं सैकड़ों साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। योगाचार्य के सानिध्य में संपन्न हुआ भव्य आयोजन - पूरे कार्यक्रम का संचालन श्री 1008 स्वामी आत्मानंद सरस्वती योगतीर्थ के सानिध्य में हुआ, जिन्हें क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित योगाचार्य के रूप में जाना जाता है। उनके मार्गदर्शन में हवन, पूजा-अर्चना एवं जागरण जैसे सभी धार्मिक अनुष्ठान विधिवत और भव्य रूप से संपन्न किए गए। स्वामी आत्मानंद सरस्वती का आध्यात्मिक व्यक्तित्व और सादगीपूर्ण जीवनशैली श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भंडारे में उमड़ा जनसैलाब, सेवा का अनुपम उदाहरण - कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ठाहण की। पूरे क्षेत्र से आए लोगों ने सेवा भाव के साथ आयोजन को सफल बनाया। भंडारे की व्यवस्थाएं इतनी सुव्यवस्थित रहीं कि हर आगंतुक ने संतोष और श्रद्धा के साथ प्रसाद ठाहण किया। संतों का सम्मान, आध्यात्मिक गरिमा में वृद्धि - कार्यक्रम के दौरान पहुंचे सैकडों साधु-संतों का विधि-विधान से सम्मान किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। संतों की उपस्थिति ने न केवल आयोजन को विशेष बनाया, बल्कि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रेरणा भी प्रदान की । उल्लेखनीय है कि स्वामी आत्मानंद सरस्वती का संबंध योग जगत के प्रख्यात संत ओमानंद जी सरस्वती के सानिध्य से भी रहा है। नारनौल स्थित आश्रम में उन्हें योग गुरु के रूप में विशेष पहचान प्राप्त है। यह जुड़ाव उनके आध्यात्मिक और योगिक ज्ञान की गहराई को दर्शाता है। इस भव्य आयोजन की पूरी जिम्मेदारी पवन शर्मा (नारनौल) ने संभाली, जिन्होंने अपनी टीम के साथ हर व्यवस्था को सुचारू रूप से संपन्न कराया। उनके समर्पण और कुशल प्रबंधन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

### हनुमान जयंती पर दीपोत्सव कार्यक्रम

**चूरू, 2 अप्रैल (का सं)।** चंदन मल बहड़ सर्किल पर स्थित काली कमली आश्रम में पर्यावरण प्रेमी अमर सिंह किशनावत के सौजन्य से 151 दीपक जलाकर हनुमान जयंति मनाई गई। आश्रम के महंत मोहन मुनि देव महाराज के सानिध्य में ए पी आर ओ मनीष कुमार, शिक्षक दंपति अमर सिंह किशनावत और मनीषा चारण ने हनुमान मंदिर में दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर फिल्म निर्माता निर्देशक और लेखक राजेन्द्र सिंह शेखावत, फिल्म राइटर एवं श्री ठाकुर राइटर हाउस के संस्थापक शिव नंदन शर्मा, गजराज यादव, विनोद पनवाड़ी, मनोज शास्त्री, देबूराम सुंडा, जीतकरण पेंटर, गौरीशंकर, लक्ष्मीनारायण शर्मा, हरीश चंदेल, शिक्षक भंवर सिंह सहित अन्य मौजूद अतिथियों ने दीपक जलाकर हनुमान जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित कीं और हनुमान चालीसा का पाठ कर जिले और देश - प्रदेश में खुशहाली, समृद्धि व अमन - चैन की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने संत मोहन मुनि के धार्मिक व पर्यावरण प्रेमी कार्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। यहां ए पी आर ओ मनीष कुमार का माल्यार्पण करके सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि शिक्षक दंपति अमर सिंह किशनावत और मनीषा चारण की ओर से हजारों पौधे लगाए जा चुके हैं। इनके द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मान आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया जाता है। साथ ही जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए भी शिक्षक दंपति अमर सिंह किशनावत और मनीषा चारण द्वारा सहयोग किया जाता है।

### निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पाटन ।** राजकीय महाविद्यालय पाटन की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निर्देशन में डॉ. भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी किरण यादव के निर्देशन में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर देश की आजादी के बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांत और विचारों का व्यावहारिक स्तर पर क्रियान्वयन विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा नचिता ने द्वितीय तथा मोनिका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सीकर जिले में महाविद्यालय का परचम लहराया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है।महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. योगेश कुमार सबल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की विश्लेषण क्षमता को सुदृढ़ बनाती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**बीदासर ( निस )** कस्बे में गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव भक्ति व आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही कस्बे के विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न हनुमान मंदिरों में रंग बिरंगी विद्युत स्वचालित यंत्रों से सजावट की गई, तथा हनुमान जी का फूलों से विशेष श्रंगार किया गया। कस्बे के काशीपुर बालाजी धाम में बुधवार की रात्रि में बालाजी की मूर्ति का भव्य श्रृंगार किया गया। महा ज्योत व महाआरती के पश्चात संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व विभीषण कृत हनुमत संकट मोचन दिव्य पाठ किया गया। इस अवसर पर मंदिर संचालक अशोक, दिलीप कुमार, राज कुमार जालान, मंदिर पुजारी उम्मेद शर्मा सहित सैकडो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। वही गोधिया हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर बुधवार की रात्रि में जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें डेगाना की भंजन गायका सुनिता वैष्णव, अजमेर के कालूराम शर्मा के भंजनों की एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को देर रात्रि तक बांधे रखा। गुरूवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ठाहण किया। वही दडीबा स्थित सालासर बालाजी मंदिर में बुधवार की रात्रि में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया।